हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 25 मार्च 2026

04 नरवाई की आग से 'धुएं का कहर': भैरूंदा में ...

07 उर्स: फर्जी टिकट, आपत्तिजनक वीडियो...





## खबर संक्षेप

### जिले में 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा गेहूं का उपार्जन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 1 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी जिलों से उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय के लिए लाई जाने वाली उपज के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत बाहर से गेहूं के अवैध परिवहन पर निगरानी बनाए रखने और इसे रोकने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आदेश दिए हैं कि मंडी एवं उप मंडी में गेहूं की आवक व विक्रय पर निगरानी रखे और अवैध परिवहन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करें।

### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आज इछावर में



**सीहोर।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 25 मार्च को दोपहर 2 बजे इछावर पहुंचेंगे और संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर में शामिल होंगे।

### पांच सदस्यीय टीम में दूसरे जिलों के अफसर शामिल, सात दिन के अंदर देना होगी रिपोर्ट, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

# जिले में माफियाराज का खात्मा करने अवैध खनन परिवहन और भंडारण की जांच करेगी विशेष टीम

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सख्त नाराजगी के बाद शासन का बड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर







मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार ने जिले में अवैध खनन के मामले में पैर पसार चुके माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लंबे समय से चल रहे अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खेल को खत्म करने के लिए शासन ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। अब जिले के माइनिंग अधिकारी नहीं, बल्कि दूसरे जिलों के आला अफसरों की एक विशेष जांच टीम सीहोर में हो रहे अवैध खेल की पड़ताल करेगी।

यह बड़ी कार्रवाई केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हाल ही में दिशा की बैठक में जताई गई तीखी नाराजगी का सीधा असर मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर शिकायतों की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों की अनसुनी होने के बाद भोपाल मुख्यालय ने अब इंदौर, रतलाम और रायसेन के अनुभवी अधिकारियों को मैदान में उतारा है। इस पांच सदस्यीय विशेष टीम को 7 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्थानीय माइनिंग टीम की साख पर सवाल

बता दें जिले में लंबे समय से रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय स्तर पर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने और जनप्रतिनिधियों की अनसुनी होने के कारण प्रशासन की साख पर सवाल उठ रहे थे। दिशा की बैठक में केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट कर दिया था कि मीडिया और जनप्रतिनिधियों से मिल रही शिकायतों को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। इसी के चलते भोपाल मुख्यालय ने बाहरी जिलों के अफसरों को मैदान में उतारा है।

### 5 सदस्यीय 'स्पेशल टीम' में कौन-कौन

जिले में अवैध उत्खनन की सूक्ष्मता से जांच करने के लिए गठित टीम का नेतृत्व अधीक्षण भौमिकीविद अनिल नारनवरे क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर करेंगे। टीम के अन्य सदस्यों में दीपक सोलंकी उप संचालक भोपाल, सुमित गुप्ता सहायक खनि अधिकारी रायसेन, शंकर कनेश खनि निरीक्षक रतलाम और अर्जुन श्रीवास्तव कनिष्ठ प्रबंधक खनिज निगम सीहोर इस टीम में शामिल हैं। इस टीम को अगले 7 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपनी है।

### अफसरों की बेरुखी से माफिया हुए निडर

बता दें दिशा बैठक में बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव ने प्रशासनिक सिस्टम पर गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने दस्तावेजों के साथ अपनी बेबसी साझा करते हुए कहा था कि अधिकारी उनका फोन तक नहीं उठाते। जनप्रतिनिधियों की इसी नाराजगी को देखते हुए यह पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है।

# बिजली की समस्या को लेकर किसान कांग्रेस का हल्ला बोल, कलेक्ट्रेट तक निकाला पैदल मार्च




### विद्युत वितरण कंपनी की कार्रवाई पर आपत्ति

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग बकाया वसूली के नाम पर किसानों के कृषि यंत्र और मोटरसाइकिलें जब्त कर उन्हें प्रताड़ित कर रहा है। उन्होंने मांग की कि जब तक किसानों को उनकी उपज का पैसा नहीं मिल जाता, तब तक बिजली विभाग की हर तरह की कुर्की और वसूली की कार्रवाई रोकी जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष और बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल से आए किसान मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**सीहोर।** जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।सी किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और किसानों ने जिला कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल और जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती भी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने तर्क दिया कि मध्य प्रदेश सरकार ने सोसाइटियों में ऋण वसूली की अंतिम तिथि 28 मार्च तय की है, जबकि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 1 अप्रैल से शुरू होगी। ऐसी स्थिति में किसानों के पास फसल बेचने का पैसा नहीं होगा, जिससे वे कर्ज नहीं चुका पाएंगे। कांग्रेस ने मांग की है कि शासन स्तर पर इस वसूली को तत्काल स्थगित किया जाए ताकि किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।



### सोयाबीन के गिरते दामों पर चिंता

किसानों ने केंद्र सरकार की ट्रेड डील के तहत आयातित सोयाबीन तेल को टैक्स फ्री करने के फैसले का कड़ा विरोध किया। नेताओं का कहना है कि इस कदम से विदेशी तेल सस्ता होगा और देश के किसानों की सोयाबीन के दाम मिट्टी में मिल जाएंगे। उन्होंने मांग की कि किसानों के हितों की बलि चढ़ाने वाले ऐसे अनुबंधों को तुरंत रद्द किया जाए।

**गेहूं का दाम 4000 और मुआवजे की मांग :** प्रदर्शनकारियों ने खराब हुई फसलों का उचित मुआवजा अब तक न मिलने पर भी नाराजगी जताई। ज्ञापन में मांग की गई कि लागत के अनुसार गेहूं का दाम 4000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए। बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराकर तत्काल राहत राशि वितरित की जाए।

# तीन गैस एजेंसी गोदामों और 16 होटलों-दुकानों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में गैस एजेंसियों पर अनियमितताओं और दुकानों घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल सहित खाद्य विभाग के दल द्वारा सीहोर में 03 गैस एजेंसियों तत्पर गैस एजेंसी, भारत अभिकरण गैस एजेंसी और महमूद हुसैन सज्जाद हुसैन गैस एजेंसी के गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक सत्यापन, विक्रय, बुकिंग आदि की जांच की गई और नियमानुसार सिलेंडर वितरण करने के निर्देश दिए दिए गए। इसी प्रकार दल द्वारा पचामा स्थित 16 होटलों एवं दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 3 दुकानों पर घरेलू सिलेंडरों का दुरूपयोग पाए जाने पर तीनों गैस सिलेंडर जब्त किए गए और प्रकरण भी दर्ज किया गया।

# तरूण खटीक के हत्यारों को फांसी दिए जाने को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** दिल्ली के उत्तम नगर के जे.जे. कॉलोनी निवासी तरूण खटीक हत्या मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिये अनुसूचित जाति खटीक समाज ने आज दिनांक 24 मार्च, मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सीहोर जिले के कलेक्टर के.बालागुरु को सौंपा। भारतीय खटीक समाज जिला सीहोर के अध्यक्ष नरेन्द्र खत्री के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिसका वाचन खटीक समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्याम सोनकर ने किया।

इस अवसर पर सुनील धाड़ी ने कहा कि न्याय की इस लड़ाई में सर्व समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित होकर हिन्दु समाज एकता की मिशाल पैश की। सभी लोगों द्वारा बस स्टेण्ड के स्थानीय पार्क में एकत्रित होकर रैली के रूप में सीहोर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। खटीक समाज ने बताया कि दिनांक 4 मार्च 2026 को होले जैसे पवित्र सौहार्दपूर्ण त्योहार को एक मुस्लिग वर्ग के लोगों के द्वारा खुनी मातम में बदल दिया। समाज की एक बच्ची द्वारा होली खेलते हुए फैका गया पानी का गुब्बारा मुस्लिम समूदाय को इतना नगवारा गुजरा कि बच्ची के पुरे परिवार के साथ मुस्लिम समाज द्वारा बेरहमी से मारपीट करते हुए खटीक समाज के 26 वर्षीय युवा तरूण को मौत के घाट उतार दिया।

ऐसे लोग देश के लिये नासूर है, जो अन्य धर्मो की धार्मिक भावनाओं का आदर सम्मान ना करते हुए देश के भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाडने में लगे हुए हैं। ज्ञापन के माध्यम से खटीक समाज ने मांग करते हुए बताया कि हत्यारों को फांसी की सजा दी जाये तथा मृतक के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए सरकारी नौकरी दी जावे एवं पीड़ित परिवार का पक्का मकान बनाते हुए रक्षा के लिये लायसेंस दिया जावे और घटना के आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जावे। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से रामदुलारे सोनकर, श्याम सोनकर, सुनील धाड़ी, पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले, पूर्व पार्षद आरती खंगराले, नरेन्द्र खत्री, सीताराम सोनकर, केवलराम सोनकर, सुन्दर सोनकर, गोविन्द लोहानिया, पंकज शर्मा, दीपक सोनकर, सुदीप दुबे, पप्पु धाड़ी, रविन्द्र धाड़ी, मनोज मामा धाड़ी, राजेन्द्र जायसवाल, इंजि.जितेन्द्र सिंह, सुरेश गोस्वामी, मोनू सोनकर, मुकु ल सोनकर, जाहिल सोनकर, छोटू सिलावट, आकाश राठौर, रवि राठौर, राहुल सोनकर, आशीष सोनकर, अचल सोनकर, सोनू सोनकर, यश सोनकर सहित बड़ी संख्या में खटीक समाज के पदाधिकारी व नागरिकगण उपस्थित रहे।

# विधायक ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान संचालित किया जा रहा है। विश्व क्षय दिवस के अवसर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर इस अभियान का शुभारंभ हुआ। विधायक सुदेश राय ने जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने टीबी की जांच के लिए आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर संभावित टीबी मरीजों की जांच करेगा। इसके साथ ही विधायक श्री राय ने निक्षय मित्र बनकर 05 टीबी मरीजों को फूड बास्केट भी प्रदान किए।

जिला क्षय अधिकारी डॉ जेडी कोरी ने बताया कि शासन द्वारा निक्षय पोषण योजनांतर्गत उपचार अवधि के दौरान मरीजों को पोषण सामग्री के लिए प्रतिमाह 1000 रूपये सीधे बैंक खाते में प्रदान किए जा रहे हैं। शुभारंभ कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ यूके श्रीवास्तव सहित अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के प्रमुख उद्देश्य उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील जनसंख्या में सक्रिय टीबी की पहचान, शीघ्र निदान, उपचार, पोषण सहायता तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से टीबी को फैलने से रोकना है।

अभियान के अंतर्गत जिले में चिन्हित किए गए उच्च जोखिम गांवों में जनसंख्या की स्क्रीनिंग की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य शिविरों में संभावित मरीजों की टीबी की पहचान के लिए एक्सरे के साथ एनीमिया के लिए ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और बीएमआई की जांच की जाएगी। इसके साथ ही ग्राम वार एवं विकासखंड वार शिविर लगाकर संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

अभियान के तहत निक्षय मित्र पहल के माध्यम से पोषण सहायता एवं पोषण योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के तहत जन जागरूकता के लिए सामुदायिक सहभागिता की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत सीहोर में विखं स्तरीय शिविर आयोजित

# नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार : विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत सीहोर जनपद पंचायत परिसर में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। विधायक सुदेश राय ने शिविर का शुभारंभ किया और प्रधानमंत्री आवास योजना, संबल योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

इस अवसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आवास योजना, संबल योजना जैसी योजनाएं गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए मददगार साबित हो रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से न केवल आर्थिक सहायता मिल रही है, बल्कि नागरिकों को खुद का पक्का मकान और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक रहें और पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में सहभागी बने। उल्लेखनीय है कि यह अभियान सुशासन, पारदर्शिता और जनहित में त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। "संकल्प से समाधान" अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है। शिविर में एसडीएम तन्मय वर्मा, जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचायत सचिव और हितग्राही उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप



## ग्राम खामलिया में जल चौपाल आयोजित

**सीहोर।** ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए सीहोर जनपद के ग्राम खामलिया में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए जल चौपाल का आयोजन किया गया। जल चौपाल में जनपद सीईओ नमिता बघेल ने ग्रामवासियों से पेयजल समस्या के निराकरण के संबंध में चर्चा की और संबंधित कार्यपालन यंत्री को निराकरण के निर्देश दिए। जल चौपाल में ग्रामवासियों ने गतवर्ष गांव मे ही स्थित राम मंदिर के पास कराये गये बोर एवं सोसायटी के पास स्थित बोर की सफाई कराने की मांग की, जिस पर सहायक यंत्री द्वारा बोर की सफाई कराई गई और जल प्रदाय पुनः बहाल करने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा 5000 लीटर क्षमता की प्लास्टिक टंकी स्थापित करने का निर्णय लिया गया। जल चौपाल में नल कनेक्शन धारी ग्रामवासियों से भी नियमित जलकर जमा करने की अपील की गई।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 36 आवेदनों की सुनीं समस्याएं

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 36 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आंखों में जलन, दमे के मरीज बेहाल: प्रशासन के आदेश बेअसर, रातभर धुएं की चादर में कैद रहा शहर-गांव

# नरवाई की आग से 'धुएं का कहर': भैरूंदा में सांस लेना हुआ मुश्किल, अस्पतालों में बढ़ी भीड़

जानकारों का कहना है कि मूंग फसल की बोवनी के लिए खेतों को जल्दी खाली करने की जल्दबाजी में किसान नरवाई जला रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



क्षेत्र में किसानों द्वारा नरवाई (फसल अवशेष) जलाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात हालात इतने भयावह हो गए कि पूरा नगर और आसपास के ग्रामीण इलाके जहरीले धुएं की मोटी चादर में लिपट गए। दृश्य ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो कड़ाके की ठंड में घना कोहरा छाया हो, लेकिन हकीकत में यह धुआं लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। रातभर सड़कों पर दृश्यता लगभग शून्य रही, जिससे आवागमन बाधित हुआ और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।घरों के भीतर भी हालात कम खराब नहीं रहे। पंखों और खिड़कियों के जरिए धुआं अंदर घुसता रहा, जिससे लोगों को पूरी रात घुटन और बेचैनी झेलनी पड़ी। कई परिवारों ने मजबूरन पंखे बंद कर दिए, जिससे गर्मी और उमस ने परेशानी और बढ़ा दी। सुबह होते-होते लोगों की आंखें लाल और जलन से भरी नजर आईं, वहीं सांस लेने में तकलीफ की शिकायत आम हो गई।

**स्वास्थ्य पर गंभीर असर, अस्पतालों में बढ़ी भीड़ :** नरवाई के धुएं का सबसे ज्यादा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ा है। मंगलवार सुबह से ही सिविल अस्पताल और निजी क्लीनिकों में मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई। आंखों में जलन, खुजली, गले में खराश और सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याएं लेकर लोग उपचार के लिए पहुंचे। खासकर दमा (अस्थमा) और बुजुर्ग मरीजों की हालत अधिक गंभीर बनी रही। डॉक्टरों के अनुसार, धुएं में मौजूद सूक्ष्म कण (पार्टिकुलेट मैटर) फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे सांस संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं।

### प्रशासनिक आदेशों की उड़ रही धज्जियां

नरवाई जलाने पर प्रतिबंध और सख्त कार्रवाई के निर्देशों के बावजूद किसान खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। रात के अंधेरे में खेतों में आग लगाई जा रही है, जिससे प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक आग की लपटें साफ देखी गईं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सन्नाटा पसरा रहा। इससे लोगों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

**जल्दबाजी में प्रकृति से खिलवाड़:** जानकारों का कहना है कि मूंग फसल की बोवनी के लिए खेतों को जल्दी खाली करने की जल्दबाजी में किसान नरवाई जला रहे हैं।

हालांकि, रोटावेटर और अन्य वैज्ञानिक तरीकों से अवशेष प्रबंधन के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन समय और लागत बचाने के लिए आग का सहारा लिया जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इससे मिट्टी की उर्वरता घटती है और पर्यावरण को भी भारी नुकसान होता है।

### बिगड़ता पर्यावरण, बढ़ता खतरा

पिछले पखवाड़े से लगातार हो रही इस गतिविधि ने क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। शाम ढलते ही खेतों से उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार यह संकेत दे रहा है कि स्वार्थ के चलते प्रकृति के साथ बड़ा खिलवाड़ हो रहा है। यदि समय रहते इस पर सख्ती से रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले दिनों में हालात और अधिक भयावह हो सकते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और ठोस कदम उठाने की मांग की है, ताकि इस धुएं के कहर से राहत मिल सके।

## दर्शन एकेडमी का री-एस्टेब्लिशमेंट व फेलिसिटेशन प्रोग्राम आयोजित





**सीहोर।** शहर में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली दर्शन एकेडमी का री-एस्टेब्लिशमेंट एवं फेलिसिटेशन प्रोग्राम 22 मार्च को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सुदेश राय उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में नरेश मेवाड़ा, प्रिंस राठौर, डॉ सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा, सुदिप प्रजापति, केदार सिंह मण्डलोंई एवं दुर्गेश हाड़ा सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में एनईईटी एवं आईआईटी-जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों का मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया गया।

विशेष रूप से प्रदीप वर्मा ने इस वर्ष आईआईटी-जेईई परीक्षा में सीहोर में टॉप कर एकेडमी का नाम रोशन किया। दर्शन एकेडमी के संचालक ऋषि मीणा एवं ओमप्रकाश मेवाड़ा (बंटू सर) ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। दर्शन एकेडमी 2022 से सीहोर में शिक्षण कार्य कर रही है और कम फीस में एनईईटी एवं आईआईटी-जेईई की गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराने के लिए जानी जाती है। यहां उपलब्ध सुविधाएं कोटा, इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शैक्षणिक केंद्रों के समकक्ष मानी जा रही हैं, जिससे यह संस्था विद्यार्थियों के बीच तेजी से अपनी अलग पहचान बना रही है।

# लाल बहादुर शास्त्री कॉम्प्लेक्स तैयार भैरूंदा को विकास की बड़ी सौगात

### 38 दुकानों की ई-निविदा जारी, व्यापार और रोजगार को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा




नगर परिषद भैरूंदा ने शहर के विकास को नई गति देते हुए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। वार्ड क्रमांक 13 में नवनिर्मित लाल बहादुर शास्त्री कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार हो गया है, जिसे नगर के लिए विकास की बड़ी सौगात माना जा रहा है। इस आधुनिक कॉम्प्लेक्स में 38 दुकानों के आवंटन हेतु ई-निविदा जारी की गई है, जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

नगर परिषद द्वारा जारी योजना के अनुसार इन दुकानों का आवंटन 30 वर्ष की लीज पर किया जाएगा। ई-निविदा प्रक्रिया 23 मार्च 2026 से शुरू हो चुकी है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 06 मई 2026 शाम 5:30 बजे निर्धारित की गई है। इच्छुक आवेदक 07 अप्रैल से 06 मई के बीच ऑनलाइन बिड जमा कर सकेंगे और 08 मई 2026 को निविदाएं खोली जाएंगी। परिषद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित होगी, जिसमें डिजिटल सिग्नेचर सहित सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। इस व्यवस्था से पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होगी। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव के मार्गदर्शन में गति मिली है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर के नेतृत्व में परिषद लगातार शहर के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि यह कॉम्प्लेक्स न केवल व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भैरूंदा को एक विकसित और सशक्त नगर के रूप में स्थापित करने के लिए परिषद इसी तरह के जनहितकारी कार्यों को आगे बढ़ाती रहेगी।

## बुधनी में खोलेंगे एग्रीकल्चर कॉलेज शिवराज सिंह चौहान




**बुधनी।** मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान कृषि उदय एक्सपो में शामिल होने केंद्रीय कृषि यंत्रीकरण परीक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे जहां उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग और उनके इस्तेमाल के तरीके सीखने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि अब यहां ड्रोन तकनीक की ट्रेनिंग के साथ नेशनल सीड कॉरपोरेशन की मदद से फसल के अच्छे बीजों को तैयार करने का काम भी किया जाएगा जिससे किसानों को कम रकबे में अधिक फसलो का उत्पादन मिल सके कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के निदेशक बीएम नांदेड़े ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया आयोजन स्थल पर ही किसानों को टूल किट का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव,सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,आदिवासी वित्त विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला बरेला,पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा,नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय,जनपद अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, भाजपा नेता रघुनाथ सिंह भाटी,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष आजाद सिंह राजपूत,भाजपा नेता अर्जुन मालवीय, राजेश पाल,सतीश गुप्ता,श्रीकांत शर्मा, पवन चंद्रफेरी, विशाल खत्री सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## शहीद दिवस पर पदयात्रा का हुआ आयोजन, सैंकड़ों युवाओं ने ली शपथ



**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार उप निदेशक निक्की राठौर के निर्देशन में माय भारत सीहोर के अंतर्गत हिताय यूथ क्लब के सहयोग से शहीद दिवस के अवसर पर पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसका समापन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीहोर में किया गया। पदयात्रा के पश्चात कुंवर चैनसिंह सभागार में युवाओं ने शपथ ली कि वे शहीदों का सम्मान एवं उनके आदर्शों का अनुसरण करेंगे तथा राष्ट्र के प्रति आत्मसमर्पण की भावना को बनाएं रखेंगे। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीहोर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. जैन एवं शासकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजकुमार साहू को उत्कृष्ट सहयोग हेतु प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। साथ ही सहभागी युवाओं को प्रमाण पत्र देकर उत्साहित किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य रूप से हिताय के निदेशक उमेश पंसारी, प्रकाश, महेंद्र बघेल, ममतेश पवार, दुष्यंत कौल, देवेंद्र वरवड़े, नौरारूथ कुमार, पूर्णिमा परिहार सहित अन्य शिक्षक स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन का हुआ शुभारंभ



**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह "कृतिरंग" कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के समावेशी विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं तथा इनमें सहभागिता से उनके व्यक्तित्व विकास एवं प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम के अंतर्गत मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषय को 3डी रंगोली के माध्यम से सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। इसके साथ ही गायन प्रतियोगिता, भक्तिगीत, वेशभूषा, ग़ज़ल, लोकगीत, कुर्सी दौड़, नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, लोक एवं फ्रीस्टाइल नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में डॉ. शीलचंद्र गुप्ता, डॉ. सरला, डॉ. प्रमिला जैन, डॉ. नोरा रूथ कुमार, डॉ. मेघा बैरागी, डॉ. हुमा अख्तर, पूर्णिमा सिंह परिहार, रुखसाना अंजुम ख़ान, डॉ. सिद्धनाथ खजुरिया, डॉ. देवेंद्र कुमार वरवड़े, डॉ. विनय मणि त्रिपाठी, डॉ. मॉली थॉमस एवं हितेश दुबे सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### 18 मार्च से प्रारंभ होकर 7 अप्रैल तक चलेगा धार्मिक अनुष्ठान

# सप्तऋषि की तपोभूमि में आस्था का महासंगम पातालेश्वर महादेव मंदिर में 21 दिवसीय महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा





क्षेत्र की पावन धरती इन दिनों आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है। सप्तऋषियों की तपोभूमि माने जाने वाले पातालेश्वर महादेव मंदिर, सातदेव में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर धूनीवाले दादाजीधाम में चल रहा 21 दिवसीय विशाल धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का अद्भुत केंद्र बन गया है।

श्री श्री 1008 श्री धूनीवाले दादाजी की असीम कृपा एवं माँ नर्मदा के आशीर्वाद से आयोजित इस महायज्ञ में 41 टन सामग्री से विशाल हवन एवं महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जो अपने आप में दुर्लभ और भव्य उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। आयोजन के तहत 151 ब्राह्मणों द्वारा अखण्ड दुर्गा पाठ एवं संगीतमय शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है। 18 मार्च से प्रारंभ होकर 7 अप्रैल तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन माँ दुर्गा पूजन, 1100 फलों से अर्चन, तथा माँ नर्मदा का 151 लीटर दूध से अभिषेक किया जा रहा है। वहीं 21 हजार दीपों की भव्य आरती श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। आयोजन स्थल पर विशाल पंडाल, सुसज्जित हवन कुंड और रंग-बिरंगी रोशनी की मनमोहक सजावट वातावरण को दिव्यता प्रदान कर रही है। मंदिर परिसर में लगाए गए बड़े-बड़े घंटों की गूंज और आरती के समय गूंजती घंटियों की ध्वनि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर देती है। इस दौरान समस्त क्षेत्र एवं जिलेवासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि ऐसा भव्य और दिव्य आयोजन उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। आयोजन को लेकर एक अनूठी घोषणा भी चर्चा का विषय बनी हुई है। मंदिर परिसर में लगे पोस्टरों के अनुसार यदि देश-प्रदेश में कहीं भी ऐसा आयोजन देखा गया हो तो प्रमाण प्रस्तुत करने पर 2 करोड़ 51 लाख रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनकर उभरा है, बल्कि समाज में एकता, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश भी दे रहा है। भैरूंदा सहित आसपास के जिलों में इस आयोजन की चर्चाएं जोरों पर हैं और प्रतिदिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है।

## मां जगतजननी माता हिंगलाज की महाआरती आज



**सीहोर।** भावसार समाज कस्बा के द्वारा बुधवार की रात चैत्र नवरात्री के पावन शुभ अवसर पर कुलदेवी मां जगतजन्नी माता हिंगलाज की महा आरती का महा आयोजन किया जाएगा। भावसार समाज के मीडिया प्रभारी प्रवक्ता आशीष भावसार ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माता हिंगलाज की महा आरती का अयोजन होगा। मातारानी की प्रतिमा का विशेष श्रंगार प्रतिदिन किया जा रहा है। बुधवार शाम 7 बजे से महा आरती प्रारंभ की जाएगी। मातारानी को विशेष फरियाली पकवानों का भोग लगाया जाएगा। ढोल ढमाकों के साथ मातारानी की भक्ति की जाएगी। महा आरती में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील मोहनलाल भावसार,ओमप्रकाश भावसार, प्रहलाद भावसार, शिव प्रसाद भावसार, अभिमन्यु भावसार, नंदकिशोर भावसार, सत्यनारायण भावसार, विष्णु भावसार कमल भावसार, राधे श्याम भावसार, सीताराम भावसार, राजेश भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, दीनदयाल भावसार रामेश्वर भावसार लक्ष्मी नारायण भावसार, रामदयाल भावसार, मूलचंद्र भावसार, महेश भावसार, प्रकाश भावसार,कमल किशोर भावसार, केशरीमल भावसार, कैलाश चंद्र भावसार नवीन भावसार, आशीष भावसार,अंशुल भावसार, प्रमोद भावसार, पंकज भावसार जगदीश भावसार, राकेश भावसार, गिरीश भावसार, सचिन भावासार लोकेश भावसार, संजय भावसार, गोविंद भावसार,घनश्याम भावसार, शुभम भावसार, कमलेश भावसार,अंकित भावसार विक्की भावसार सन्नी भावसार रवि भावसार सुभाष,भावसार, जितेंद्र भावसार विक्रम भावसार, भारत भावसार, राहुल भावसार,रोहित भावसार अक्षय भावसार, सुमित भावसार दीपेश भावसार हितेश भावसार अमित भावसार सहित भावसार समाज के समस्त पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने सनातन धर्मियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भैरूंदा जिला सीहोर (म०प्र०)**

प्रकरण क्रमांक 1491/3-6/2025-26
भैरूंदा, दिनांक/03/2026

**:: सार्वजनिक नोटिस ::**

**1. उमेद सिंह आ० हरनाथ सिंह व अन्य निवासी ग्राम तिलाडिया तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म०प्र०..आवेदक**

**-:: बनाम:: -**

**सर्वसाधारण**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण उमेद सिंह आ० हरनाथ सिंह व अन्य निवासी ग्राम तिलाडिया तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म०प्र० के द्वारा ग्राम राला स्थित भूमि सर्वे नंबर 140/2, 142/6 (वर्तमान सर्वे नंबर 1431) किता 01 कुल रकबा 13.03 एकड़ (5.273 हे0) भूमि एवं ग्राम तिलाडिया स्थित भूमि सर्वे नंबर 21, 22, 23, 24/1 (वर्तमान सर्वे नंबर 21/1/1, 22, 23, 24/1/1), सर्वे नंबर 21, 22, 23, 24/1 (वर्तमान सर्वे नंबर 21/1/2, 22, 23, 24/1/2), सर्वे नंबर 21, 22, 23, 24/3 (वर्तमान सर्वे नंबर 21/1/3, 22, 23, 24/1/3), सर्वे नंबर 21, 22, 23, 24/4 (वर्तमान सर्वे नंबर 21/1/4, 22, 23, 24/1/4), सर्वे नंबर 21, 22, 23, 24/5 (वर्तमान सर्वे नंबर 21/1/5, 22, 23, 24/1/5) कुल किता 05 कुल रकबा 25.70 एकड़ (10.400 हे०) भूमि का माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के S.A. No. 802 OF 2005 मे पारित आदेश एवं निर्णय दिनांक 09/11/2023 के आधार पर डिक्री नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है उक्त सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त सबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार, फौत कृषकों के वैध वारिसानों या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 26/03/2026 के पूर्व स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष या अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद उपरान्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा प्रकरण मे विधिसंगत कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार,
तहसील भैरूंदा, जिला सीहोर**

### 112वें सालाना उर्स में रोजाना रात्रि उमड़े रहे हजारों जायरीन, पुलिस मुस्तैद

# उर्सः फर्जी टिकट, आपत्तिजनक वीडियो बनाने, चोरी मामले में 6 गिरफ्तार

### 25 मार्च को हो जाएगा उर्स का विधिवत समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाबा बदख्सानी की दरगाह पर लग रहे 112वें सालाना उर्स में प्रतिदिन हजारों की संख्या में जायरीनों व पर्यटकों लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। दिन के समय भले ही उर्स परिसर में चलह-पहल कम नजर आ रही लेकिन रात्रि में उर्स अपने पूरे शबाब पर लग रहा है। इसी उर्स में हजारों लोगों की भीड़ का फायदा उठाकर क्राइम करने वाले भी आ रहे हैं लेकिन मुस्तैद पुलिस प्रशासन के प्रयासों से उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है।

इसी कड़ी में उर्स में महिलाओं के वॉशरूम का आपत्तिजनक वीडियो बनाने, चोरी का प्रयास करने, फर्जी टिकट बेचने और झगड़ करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी युवकों पर भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। आपको बता दें कि उर्स में प्रतिदिन आ रहे हजारों महिला, पुरुषों, बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से यहां 150 से ज्यादा सुरक्षा जवान तैनात करवाए हुए हैं।




### वॉशरूम का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर किया अपलोड

रविवार 22 मार्च को एक अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी पर राजगढ़ उर्स मेले से संबंधित एक वीडियो अपलोड किए जाने की जानकारी पुलिस को प्राप्त हुई। इस वीडियो में कुछ महिलाएं वॉशरूम जाते हुए दिखाई दे रही थीं। उक्त वीडियो महिलाओं की गरिमा एवं निजता के दृष्टिगत सार्वजनिक किए जाने योग्य नहीं पाया गया। मामले में द्वारा स्वयं संज्ञान लेते हुए उक्त इंस्टाग्राम आईडी की पतारसी की गई। यह आईडी बबलू तंवर निवासी ग्राम पाटरी, थाना कालीपीठ की निकली। कालीपीठ पुलिस ने बबलू को अभिरक्षा में लेकर उसका मोबाइल चेक किया गया लेकिन तब तक वीडियो आईडी से डिलीट कर दिया था। तथापि, महिलाओं की गरिमा एवं सामाजिक मर्यादा को दृष्टिगत रखते हुए बबलू तंवर के विरुद्ध थाना कालीपीठ पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

### महिला का पर्स चुराने का कर रहा था प्रयास

उर्स में पॉकेटमार और चोर भी आए हुए हैं। मेले में एक दुकान पर खरीददारी कर रही महिला का पर्स साईड में रखा होने पर एक युवक उसे चुराने का प्रयास कर रहा था लेकिन सफल नहीं हो पाया। मेले में तैनात पुलिस को युवक को हिरासत में ले लिया। युवक की पहचान राजगढ़ की बाराद्धारी कॉलोनी निवासी हेमराज मेवाड़े के रूप में हुई है।

### नकली टिकट बेच रहा एक युवक गिरफ्तार

उर्स के प्रमुख आकर्षण का केंद्र यहां आए झूले सहित मनोरंजन के अन्य साधन हैं। ऐसे में एक युवक अनारसिंह तंवर निवासी रघुनाथपुरा नकली टिकट बेच रहा था जिसे धर-दबोचा गया। ऐसे ही इसी तरह उर्स में शांतिभंग करते हुए झगड़ा करने वाले परमेश्वर पिता गोपीलाल लोधी निवासी श्रीपुरा जिला गुना, गोरधन पिता देवचंद तंवर, विष्णु पिता शिवनारायण तंवर निवासी गिरधरपुरा मनोहरथाना को पकड़ा गया है।

### 50 लाख से अधिक का कच्चा माल किया नष्ट, दो आरोपी गिरफ्तार

# कटारियाखेड़ी में पुलिस ने अवैध शराब के अड्डों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ब्यावरा सिटी, सुठालिया, करनवास, देहात और पचोर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से भारी पुलिस बल के साथ गांव में दबिश दी। पुलिस ने कच्ची व अवैध शराब के निर्माण स्थलों को ध्वस्त किया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कच्ची देसी और अंग्रेजी शराब जब्त की। इसके अतिरिक्त, लगभग 1 लाख लीटर कच्चा लहान (शराब बनाने का घोल) भी नष्ट किया गया। एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध शराब निर्माण और आपूर्ति की सूचना मिलने के बाद यह योजनाबद्ध कार्रवाई की गई।

जांच में पता चला कि गांव में महुआ और अन्य सामग्री का उपयोग कर कुओं तथा बड़े ड्रम-टंकियों में लहान तैयार किया जा रहा था। पुलिस ने 100 से अधिक टंकियों को तोड़ा और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली 12 स्टील टंकियों को भी नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान 261 लीटर देसी व अंग्रेजी शराब और 240 लीटर हाथ भट्टी की शराब जब्त की गई। सड़क किनारे बनी गुमटियों और टपरों को भी जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई से





शराब माफियाओं को 50 लाख रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने बताया कि अवैध शराब निर्माण के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है। इस कार्रवाई में एसडीओपी के साथ सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़, देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट, करनवास थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह और 30 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे।

# कांग्रेस ने उठाई आमजनों की आवाज राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन

### सभी मांगों के जल्द निराकरण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के किसानों एवं आमजनों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेस सामने आई है। इसी क्रम में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार दोपहर राज्यपाल के नाम एसडीएम निधि भारद्धाज को एक ज्ञापन में सौंपा।




कांग्रेस पदाधिकारी भगवान सिंह बागड़ी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर सहित अन्य के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगे उठाई गई है। मांगों में किसानों एवं आम नागरिकों के हितों को देखते हुए सोसायटियों द्वारा ऋण राशि जमा करने की तिथि बढ़ाने, सोयाबीन तेल के टैक्स फ्री आयात को रुकवाने, किसानों की गेहूं की फसल समर्थन मूल्य पर लागत से हिसाब से 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल की खरीदी, बिजली विभाग द्वारा किसानों से की जा रही मनमानी रुकवाने एवं घरेलू गैस सिलेन्डर की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग रखी गई है। ज्ञापन में उल्लेख है कि यदि शासन एवं सरकार द्वारा आमजनों, किसानों के हितों से जुड़ी मांगों पर यथोचित कार्यवाही नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### महिलाएं बोली - जबरन थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर

# राजगढ़ में स्मार्ट मीटर का बिजली उपभोक्ताओं ने किया विरोध

**राजगढ़।** जिले के ब्यावरा सहित अन्य शहरों के बाद अब राजगढ़ मुख्यालय पर भी विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध खुलकर सामने आना लगा है। सोमवार दोपहर नगर के बांसवाड़ा मोहल्ले में मीटर लगाने पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों को स्थानीय रहवासियों, बिजली उपभोक्ताओं के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा।



बिजली उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि ये मीटर उन पर जबरन थोपे जा रहे हैं। यदि, पुराने मीटर सही हैं तो आखिर इन मीटरों को लगाने की क्या आवश्यकता है। बांसवाड़ा के बिजली उपभोक्ताओं के अनुसार जब अन्य स्थानों पर ये मीटर नहीं लग रहे हैं तो आखिर गरीबों पर इन्हें क्यों थापने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध कर रही महिलाओं, युवकों सहित अन्य कन्ज्यूमरों ने आरोप लगाया कि इन मीटरों से बिजली बिल कई गुना बढ़कर आते हैं। ऐसे में ये मीटर उनके घरों में न लगाए जाएं। उपभोक्ताओं के तीखे विरोध के बाद बिजली कंपनी के कर्मचारियों को बैरंग लौटने मजबूर होना पड़ा। आपको बता दें कि इसके पूर्व ब्यावरा शहर की शहीद कॉलोनी, कर्मचारी कॉलोनी सहित अन्य शहरों में उपभोक्ता स्मीटर मीटर लगाने का पुरजोर विरोध कर चुके हैं।

### कंपनी के अधिकारियों का तर्क

उधर, स्मार्ट मीटरों के बारे में विद्युत कंपनी के अधिकारियों का तर्क है इन मीटरों में कोई खराबी नहीं है बल्कि बिजली उपभोक्ताओं का काफी फायदा है। अधिकारियों ने इन मीटरों के कई लाभ बताते हुए लोगों से अपील की है कि विरोध न करें।

### नरवाई जलाने से फैली आग

# नालाझीरी और सलेपुर में लगी आग से सिंचाई यंत्र जले

**ब्यावरा।** तहसील के सुठालिया क्षेत्र में सोमवार दोपहर को नरवाई जलाने की लापरवाही के कारण नालाझिरी के समीप पहाड़ी क्षेत्र में एक खेत में लगी नरवाई की आग बेकाबू होकर पास के खेत तक फैल गई। जिसकी चपेट में आने से एक किसान के खेत में रखे करीब 20 सिंचाई पाइप, मोटर और केबल जल गई। जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के कारण आग ने तेजी से फैलकर आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में खेत का बड़ा हिस्सा प्रभावित हो गया। वही, सलेपुर गांव में भी सोमवार दोपहर आग लगने की एक घटना सामने आई। यहां किसानों



द्वारा पशुओं के लिए रखा घास जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ब्यावरा और सुठालिया से दमकल ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद दोनों स्थानों पर आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी अनिल राहौरिया ने बताया कि आग नरवाई जलाने के कारण लगी थी। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया है।

# हर छत पर सकोरा, हर पंख को सहारा एबीवीपी का जनसेवा अभियान शुरू

**ब्यावरा।** भीषण गर्मी के इस दौर में पक्षियों के जीवन की रक्षा के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए 'सकोरा अभियान' का शुभारंभ किया गया। यह अभियान पक्षियों की प्यास बुझाने और उनके संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न स्थानों ,परिसरों,सार्वजनिक स्थलों एवं महाविद्यालय परिसर में मिट्टी के सकोरे रखकर उनमें प्रतिदिन स्वच्छ जल भरने का संकल्प लिया। साथ ही आमजन से भी आग्रह किया गया कि वे अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में सकोरे रखकर इस मानवीय पहल का हिस्सा बनें।

कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और "हर छत, एक सकोरा" के संकल्प के साथ इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का निश्चय किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री राकेश सौंधिया ने सभी छात्र छात्राओं



एवं नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहभागी बनकर पक्षियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता प्रकट करें और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान दें।

# ईंट भट्टों का निरीक्षण, बालश्रम न कराने की तल्ख हिदायत

### मजदूरों से संवाद कर समस्याओं की जानकारी ली

**राजगढ़।** बाल श्रम मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत सोमवार को श्रम विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम ने राजगढ़ के ईंट भट्टों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने वहां कार्यरत मजदूरों से संवाद कर उनकी स्थिति और समस्याओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान टीम ने ईंट भट्टा संचालकों को समझाया कि किसी भी स्थिति में बाल श्रम न कराया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बाल श्रम कानून के तहत यह दंडनीय अपराध है और उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने मजदूरों से चर्चा करते हुए उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित मजदूरों को समझाइश दी गई कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और यदि पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसे संबंधित विभाग या संस्था के साथ साझा करें, ताकि समय रहते मदद उपलब्ध कराई जा सके। इस निरीक्षण के दौरान श्रम निरीक्षक मनोज चैहान, रमेश चंद्र भिलाला, अहिंसा टीम से मनीष दांगी एवं रजनी प्रजापति उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से टीम ने यह संदेश दिया कि बाल श्रम के विरुद्ध समाज के सभी वर्गों को जागरूक होकर आगे आना होगा, तभी एक सुरक्षित और शिक्षित समाज का निर्माण संभव है।

# गणगौर पर्वः नगर में शोभायात्रा निकाली माता गौरी और शिव की हुई पूजा-अर्चना

**ब्यावरा।** नगर में गणगौर पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के बिहारी जी मंदिर से हुई। यहां महिलाओं ने गणगौर (माता गौरी) और ईसर (भगवान शिव) की प्रतिमाओं को विधि-विधान से स्थापित कर पूजा-अर्चना की। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने मंगलगीत गाए और समृद्धि की कामना की।





पूजन के बाद मंदिर से एक आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसे गणगौर की बारात का स्वरूप दिया गया। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों मुख्य बाजार, सुभाष चौक, पीपल चौराहा और एबी रोड से होते हुए वैष्णो देवी मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। वैष्णो देवी मंदिर पहुंचकर गणगौर पूजा विधिवत संपन्न की गई। आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों का विशेष ध्यान रखा गया था। स्वर्णकार समाज महिला मंडल की अध्यक्ष कंचन सोनी ने गणगौर पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कंचन सोनी बताया कि शाम के समय पारंपरिक दोहे गाकर माता गणगौर को विदाई दी जाती है और फिर नदी में उनका विसर्जन किया जाता है।

# विजयवर्गीय समाज की महिलाओं ने उल्लास से मनाई गणगौर

### गणगौर मैया से सुख-समृद्धि की कामना की



**राजगढ़।** नगर के विजयवर्गीय समाज की महिला समिति द्वारा गणगौर पर्व पर कई तरह के धार्मिक आयोजन रखते हुए उल्लास के साथ पर्व मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को कुमकुम भेंटकर करते हुए गणगौर मैया से सभी की सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। इस दौरान समाज की महिलाओं ने नगर के गौसेवक नयन विजयवर्गीय को आमंत्रित करते हुए स्वागत, अभिनंदन किया। इसके उपरान्त महिलाओं द्वारा गणगौर मैया का चल-समारोह निकाला जो प्राचीन चतुर्भुज नाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर समाज की प्रीति विजयवर्गीय, पूजा विजयवर्गीय, वरिष्ठ महिला कृष्णा विजयवर्गीय, मंजू विजयवर्गीय, शकुन विजयवर्गीय, वंदन विजयवर्गीय, जूल विजयवर्गीय, चंद्रेश विजयवर्गीय, सरोज विजयवर्गीय, नम्रता विजयवर्गीय, रिंकू विजयवर्गीय, नमिता विजयवर्गीय सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

### समय सीमा बीत जाने के बाद भी जानकारी नहीं कराई उपलब्ध

# शिक्षा विभाग में मजाक बना सूचना का अधिकार जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश की अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सूचना का अधिकार अधिनियम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग में इसका मजाक बनाया जा रहा। ताजा मामला तब सामने आया जब एक आवेदक द्वारा मांगी गई जानकारी के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ के स्पष्ट आदेश के बावजूद भी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया।

आवेदक ने शिक्षा विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के तहत मांगी थी, लेकिन समय सीमा बीत जाने के बाद भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद मामला जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ तक पहुंचा, जहां से संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर को तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए, लेकिन उनके निर्देश को सारंगपुर के अधिकारी कोई तवज्जो नहीं दे रहे। इस पूरे घटनाक्रम से साफ जाहिर होता है कि विभागीय स्तर पर सूचना के अधिकार कानून की




अनदेखी की जा रही है।

आवेदक ने आरोप लगाया है कि अधिकारी जानबूझकर जानकारी छिपा रहे हैं, जिससे विभागीय अनियमितताओं पर पर्दा डाला जा सके। वहीं, इस मामले में उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता भी सवालों के घेरे में है। ऐसे में यदि जिम्मेदार अधिकारी ही कानून का पालन नहीं करेंगे, तो आम नागरिकों को न्याय कैसे मिलेगा। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### इनका कहना है...

संबंधित के द्वारा मांगी गई जानकारी को तैयार की जा रही है, जल्द ही जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

सुरेश वीरमाल, ब्लाक शिक्षा अधिकारी सारंगपुर

# विश्व शांति एवं जनकल्याण यात्रा का किया स्वागत



**सारंगपुर।** महामंडलेश्वर घूमेश्वर धाम पवाया ग्वालियर अनिरुद्धवन महाराज के सानिध्य में घूमेश्वर धाम से महाकालेश्वर धाम तक निकाली जा रही विश्व शांति एवं जनकल्याण यात्रा का पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया। इस यात्रा में नगर के नागरिकों ने शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर ने कहा कि आज जब पूरा विश्व अशांति, संघर्ष और असंतुलन से जूझ रहा है, ऐसे समय में भारत की सनातन संस्कृति सदैव शांति, सद्भाव और सहअस्तित्व का संदेश देती आई है। इस भावना को और प्रबल करने की आवश्यकता है। दूसरों के हित के समान कोई धर्म नहीं और दूसरों को कष्ट देने जैसा कोई अधर्म नहीं। यात्रा प्रभारी प्रदीप सादानी ने बताया कि नगर में अतिथि देवो की परंपरा है, जिसे हम सब निर्वाह कर हमारे सभी मित्र मंडल साथियों ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, पूर्व नपाध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष धुरव भल्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी सहित अन्य शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री से मिले विधायक इंजीनियर



**आष्टा।** विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनाओं को लेकर चर्चा कर क्षेत्र के विकास के प्रमुख प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करने को लेकर का मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान आष्टा आगमन को लेकर भी चर्चा कर निवेदन किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। भेंट के दौरान क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर भी सार्थक चर्चा की।

### मारपीट को लेकर एसपी से की शिकायत

**सीहोर।** ग्राम चितावलिया हेमा निवासी नंदराम पिता प्यारजी मालवीय ने एसपी को आवेदन देकर बताया कि 18 मार्च को मेरे पुत्र पंकज मालवीय के साथ अनिल मालवीय पिता शीभमल मालवीय द्वारा मारपीट की गई है, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। उक्त व्यक्ति द्वारा बिना किसी कारण के जानबूझकर हमला किया गया है। अनावेदक अनील मालवीय द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। यह घटना अत्यंत गंभीर है और इससे मेरे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। आरोपी द्वारा भविष्य में पुनः नुकसान पहुँचाने की आशंका भी बनी हुई है। मेरे द्वारा मंडी थाना सीहोर में आवेदन प्रस्तुत किया गया परंतु वहां से कोई कार्यवाही नहीं की गई। एसपी को आवेदन देकर मामले की जांच कर आरोपी अनिल के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांगी की।

### आष्टा, सिद्धिगंज और खाचरोद की आंगनबाड़ी में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित

# छोटे-छोटे बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों का सहयोग ही उनकी सफलता का आधार होता है: रायसिंह मेवाड़ा





### शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा विभिन्न आयोजन कर विद्यार्थियों व पालकों को जागरूक करने किए जा रहे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/सिद्धिगंज

चाहे घर हो, नगर हो, प्रदेश हो या फिर देश हो सभी की सफलता के पीछे व्यक्ति का शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। जिस तरह व्यक्ति के जीने के लिए जल, वायु का होना जरूरी है, ठीक उसी प्रकार व्यक्ति के सफल होने के लिए उसका शिक्षित होना आवश्यक है। शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा सरकार द्वारा विभिन्न आयोजन कर विद्यार्थियों एवं पालकों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है जिसमें अधिकतर नागरिकगण ग्राम्यांचलों में निवासरत है। ग्रामीण क्षेत्र में पहले शिक्षा को अधिक महत्व नही दिया जाता था, किंतु आज हमारे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि सोच का परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पूर्व में 5वीं, 8वीं तक के स्कूल हुआ करते थे और आज 10वीं, 12वीं तक की पढ़ाई ग्रामीणजन अपने ग्रामों में ही पूर्ण कर लेते है।

इस आशय के विचार वार्ड क्रमांक 16 में स्थित आंगनबाड़ी में आयोजित विद्यारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात आंगनबाड़ी में शिक्षा अध्ययन कर शालाओं में प्रवेश करने वाले नन्हें बच्चों को प्रमाण पत्र भेंट किए गए। विद्यारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बहुत गौरव और खुशी का है। आज हमारे वे बच्चे, जिन्होंने अपने शुरुआती वर्षों में यहां आंगनबाड़ी की गोद में खेल-कूद, अनुशासन और बुनियादी शिक्षा की नींव रखी है, वे अब अपनी नर्सरी पूरी कर स्कूल जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मेवाड़ा ने बच्चों से आव्हान करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी में आपने जो कविताएँ सीखीं, जो चित्र बनाए और जो दोस्ती निभाई, वह आपकी शिक्षा की पहली सीढ़ी है। अब आप बड़े स्कूल जा रहे हैं, जहां आप और भी नई चीजें सीखेंगे, नए दोस्त बनाएंगे और खूब आगे बढ़ेंगे।

आप सब हमारे सितारे हैं, जो आने वाले समय में देश का नाम रोशन करेंगे। वार्ड पार्षद रवि शर्मा ने बच्चों के अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि आपकी जिम्मेदारी यहां खत्म नहीं होती, बल्कि आज से बढ़ जाती है। इन बच्चों की शिक्षा में आपका सहयोग ही उनकी सफलता का आधार बनेगा। जिस तरह आपने आंगनबाड़ी के प्रति अपना विश्वास और सहयोग बनाए रखा, वही विश्वास अपने बच्चों को स्कूल भेजते समय भी बनाए रखें। नियमित रूप से उनकी पढ़ाई और स्कूल की गतिविधियों पर ध्यान दें, ताकि बच्चा शिक्षा के अलावा अन्यत्र भटकने नही। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रवि शर्मा, अधिवक्ता एवं वरिष्ठ समाजसेविका अनिता यादव, मुकेश राठौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना राठौर, संतोष विश्वकर्मा, अचल किरार सहित अन्य नागरिकगण मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में विद्या आरंभ कार्यक्रम

सिद्धिगंज। ग्राम सिद्धिगंज के आंगनबाड़ी केंद्र में विद्या आरंभ कार्यक्रम किया गया। जिसमें 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में सर्वप्रथम शिक्षा, बैठाना व विभिन्न दैनिक गतिविधियां सिखाई जाती है। सिद्दीकगंज आंगनबाड़ी केंद्र में विद्या आरंभ कार्यक्रम के दौरान बालक-बालिकाओं को सीसीई प्रमाण पत्र वितरण किए गए। प्रमाण पत्र के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बालक बालिकाओं को स्कूलों में आसानी से प्रवेश मिल सके। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह काजले सरपंच, नंदकिशोर बागवान उप सरपंच, महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य,विनोद गिर, अनिल गिर, बाबूलाल गहरवाल एम पी डब्लू, मीना एएनएम, शोभा श्रीवास्तव आशा सहयोगी, रानी श्रीवास्तव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुशीला गहरवाल, विमल पचलसिया, जमना बाई करोरिया आंगनबाड़ी सहायिका, सुनीता महेश्वरी, अकीला नागेश्वरी, मनीषा गहरवाल, पार्वती, नंदकिशोर गहरवाल, अंबाराम वेद, कादिर खा,मनोहर पटेल,राहुल दुबे वह बालक बालिकाएं एवं उनके माता-पिता उपस्थित रहे। कार्यक्रम बड़े हर्ष अल्लाह के साथ मनाया गया एवं बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### आंगनबाड़ी में छोटे-छोटे बच्चों का किया स्वागत

**खाचरोद।** मंगलवार को ग्राम पंचायत खाचरोद में महिला बाल विकास विभाग द्वारा बाल्यावस्था में विद्या प्रारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बस स्टैंड पर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में नन्हे बच्चों को सरपंच शंकर पटेल जाट द्वारा हार फूल माला पहनाकर विद्या प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सरपंच शंकर पटेल जाट, महिला बाल विकास सुपरवाइजर साइन खान, सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सूरज जाट, आशा सुपरवाइजर प्रियंका बैरागी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आरती जाट, माया विश्वकर्मा, एनएम पूजा आंगनबाड़ी सहायिका सुधा सोनी, आशा कार्यकर्ता गिरिजा व नन्हे बच्चे उपस्थित थे।



## शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में सोमवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय चार बत्ती चौराहा सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा के सामने शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को अंग्रेजों द्वारा लाहौर जेल में 23 मार्च 1931 को फांसी दी गई थी। तीनों वीर सपूत अपने देश को आजाद कराने के लिए हंसी से फांसी के फंदे पर झूल गए। आयोजन मोंटू कौरी,मनीष डोंगरे के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथियों द्वारा शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु को श्रद्धांजलि देते हुए संबोधित किया नगर पालिका प्रतिनिधि, सकल हिंदू समाज पूर्व अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, सकल हिंदू समाज संयोजक मुकेश नामदेव, आदिवासी समाज अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, कथावाचक मिट्ठू पुरा सरकार, देवकरण मालवीय, आदि ने शब्दों के माध्यम से वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए संबोधित किया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज मीडिया प्रभारी पत्रकार राजीव गुप्ता, संजय वर्मा, सुभाष नामदेव पार्षद प्रतिनिधि, राजेंद्र पिपलोदिया, जयसवाल समाज अध्यक्ष प्रेम नारायण जायसवाल, मालवीय समाज अध्यक्ष रमेश मालवीय,ताम्रकार समाज पूर्व अध्यक्ष सुधीर महलवार, राजू सोनी, नानू सेठी, हर्ष पटेल, सुमित खत्री, आशुतोष नामदेव, हिमांशु परमार, सोनू शर्मा, गोपाल उज्जैनिया, रामप्रसाद बिल्लौरी, गौरव सोनी, टोडू सेठ, अंतिम बनवाट, अमित गौतम, आदि उपस्थित रहे।

## सेमिनार में छात्राओं को बताया गुड टच बेड टच, सोशल मीडिया का कैसे हो इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शांति नगर स्थित डिवाइन पब्लिक हाई स्कूल में कन्यादान फाउंडेशन द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही। इस दौरान कन्यादान फाउंडेशन की सोशल अवेयरनेस दीपा श्रीवास्तव, रूपाली सक्सेना, निर्मला शर्मा एवं डायरेक्टर प्रिंसिपल, स्कूल लेडीज स्टाफ भी मौजूद रहे।

कन्यादान फाउंडेशन की दीपा श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में गर्ल्स अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया था। जिसमें कन्यादान फाउंडेशन ने छात्राओं को गुड टच बेड टच, सोशल मीडिया के इस्तेमाल के दुष्परिणाम, पौष्टिक आहार जिसका बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है मासिक धर्म स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण के बचाव के लिए प्लास्टिक फ्री कन्या सेनेटरी नैपकिन इस्तेमाल के तरीके और फायदे बताए गए और बच्चों को सेल्फ डिपेंड होने की शिक्षा दी गई और उन्हें जागरूक किया गया।

### नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

**सीहोर।** मप्र जन अभियान परिषद, जिला सीहोर की नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन मंगलवार को पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सीहोर में किया गया। उक्त बैठक में विकासखण्ड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, बीलू भिलवारे, भगवत शरण लोधी, हरिराम अहिरवार, इंदर सिंह निकुम एवं नवांकुर प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवांकुर प्रतिनिधियों से परिचय एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी ली गयी। पारुल उपाध्याय ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत दिनांक 19 मार्च से 30 जून तक की जाने वाली गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

### सीहोर सांस्कृतिक मंच आज करेगा 251 कन्याओं का पग पूजन का आयोजन

**सीहोर।** सीहोर नगर की धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों सक्रिय एवं अग्रणी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सामूहिक कन्या पग पूजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस आयोजन का लक्ष्य 251 कन्याओं का पग पूजन करना है। सीहोर सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि इस सामूहिक कन्या पूजन का उद्देश्य समाज की नई पीढ़ी को धर्म, संस्कृति, आस्थाओं और परंपराओं से भावनात्मक रूप से जोडन्ना है। साथ ही समाज में महिलाओं के प्रति आदर-सम्मान की भावना जागृत करना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को बढ़ावा देना और ऊंच-नीच के भाव को समाप्त करना भी इसका लक्ष्य है। गुप्ता ने कन्या पूजन की रूपरेखा साझा की बताया कि यह आयोजन आपकी अपनी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच सीहोर द्वारा इस चैत्र नवरात्री पर 25 मार्च बुधवार को शाम 4 बजे मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर छावनी विश्रामघाट रोड इंदिरा नगर सीहोर पर कन्या पग पूजन- आयोजन का कार्यक्रम रखा गया है। सभी से आग्रह किया गया है कि अपने परिवार की छोटी कन्याओं को अपने साथ लेकर अवश्य लाऐं एवं कन्या पग पूजन-आयोजन के इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर गौरान्वित करें। कन्या पग पूजन-के आयोजन में कन्याओं को सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा उपहार भी भेंट किए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष आशीष गुप्ता समाजसेवी विवेक रूठिया, प्रेमलता राठौर, सीमा सक्सेना, नरेंद्र गोस्वामी, दीपक राठौर आदि ने अपील की है।

## सैकड़ों कोटवारों ने किया प्रदर्शन लंबित भुगतान, सेवा भूमि की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के बैनर तले जिले के 500 से अधिक कोटवार मीठा तालाब पर एकत्रित हुए और अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कोटवारों ने नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में मीठा तालाब, भोपाल चौराहा से कलेक्टर कार्यालय तक मार्च निकाला और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष अंबाराम मालवीय ने बताया कि शासन द्वारा जारी आदेशों के बावजूद पिछले तीन वर्षों से कोटवारों को वर्दी, जूते, टॉर्च, बैटरी और बेल्ट आदि के लिए मिलने वाली राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

उन्होंने मांग की कि यह राशि सीधे कोटवारों के बैंक खातों में जमा कराई जाए, ताकि वे अपनी सुविधा अनुसार वर्दी तैयार करवा सकें। ज्ञापन में कोटवारों ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कोटवारों के हित में जारी किए गए आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि वर्दी हेतु वार्षिक राशि देने की व्यवस्था को लागू किया जाए। साथ ही, सेवा मुक्त होने पर 1 लाख की सहायता राशि और वारिस को नियुक्ति देने के निर्णय का भी पालन सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। इसके अलावा, कोटवारों ने सीयूजी मोबाइल सिम और उसके नियमित रिचार्ज, स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ, किसान कार्ड सुविधा, सेवा भूमि पर नाम दर्ज करने और फसल पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। कोटवारों ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी सेवा भूमि पर दबंगों का कब्जा है, जिसे हटाकर उन्हें पुनः कब्जा दिलाया जाए। साथ ही जिन कोटवारों के पास सेवा भूमि है, उन्हें भी वर्दी भत्ता दिए जाने की मांग की गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विजय देवड़ा, जिला कोषाध्यक्ष नागुलाल पचलानिया, जिला सचिव संतोश वर्मा, तहसील अध्यक्ष शंकरलाल धोलपुरिया, देवनारायण सोलंकी, माखनलाल मालवीय, राजेश बघेल, गणेश योगी, अशोक पटवा सहित बडी संख्या में पटवारी उपस्थित थे।

### जावर में विकास कार्य का नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

# बदलता जावर: विकास की रफ्तार से संवर रहा शहर: वैद्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जावर के मंडी क्षेत्र के दोनों साइड फुटपाथ निर्माण हो रहा है। मेन रोड पर फुटपाथ को विकसित किया जा रहा है। इन दिनों जावर शहर तेजी से बदल रहा है। विभिन्न हिस्सों में चल रहे विकास कार्यों ने पूरे इलाके की तस्वीर बदलने की तैयारी कर दी है। कहीं नए विकास कार्य कराए जा रहे हैं, तो कहीं सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। कई जगहों पर सौंदर्यीकरण और नई परियोजनाओं का काम भी तेजी से चल रहा है। इन कामों की वजह से फिलहाल आम जनता और व्यापारियों को कुछ असुविधाओं का सामना जरूर करना पड़ रहा है। लेकिन लोगों का मानना है कि जब ये परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी तो जावर पहले से कहीं ज्यादा सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक शहर के रूप में सामने आएगा।

वहीं जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने बताया कि जब सड़कें चौड़ी होंगी। ट्रैफिक की समस्या कम होगी और शहर की सूरत बदलेगी वहीं व्यापार भी पहले से ज्यादा बढ़ेगा। जावर नगर में अनेकों विकास कार्य में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष सभी के सहयोग से हम हमारी परिषद विकास कार्य कर रही है। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य एवं इंजीनियर प्रमोद कुमार साहू द्वारा काम का निरीक्षण कर जल्दी काम करने के दिए निर्देश।

